संक्षिप्त

मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

मंडावरी । किशोरपुरा ग्राम पंचायत के खुर्रा ग्राम में आयोजित हो रही बिजासन माता के लक्खी मेले में बुधवार को दूसरे दिन करीब पचास हजार श्रद्धालुओं द्वारा शिरकत की गई । ग्राम पंचायत सरपंच हरीओम मीना ने बताया की बिजासनी माता लक्खी मेले के दूसरे दिन जमकर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। बिजासनी माता के लक्खी मेले में मेला ठाउंड से लेकर करीब तीन किलोमीटर के दायरे में भारी भीड़ देखी गई। चतुर्दशी होने के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिन का काफी महत्व होता है ऐसे में भारी संख्या में महिला श्रद्धालु अपने परिवार के साथ सवामणी भोग प्रसाद लेकर बिजासन माता मंदिर पहुंची । ग्रामीण महिलाओं द्वारा सिर पर सवामणी की पोटली रखने के साथ माताजी के मांगलिक गीत गाते हुए बिजासनी माता मंदिर पहुंची। जहां महिलाओं द्वारा खीर पुआ पूडी आदि का बिजासनी माता को भोग लगाकर सुहागिन महिलाओं को यज्ञशाला में पंगत प्रसादी ग्रहण कराई गई ।

बाल हनुमानजी का मेला 6 को

नारायणपुर, (निसं)। कस्बा स्थित चौगान मंदिर वाले प्राचीन बाल हनुमानजी महाराज का मेला 6 अप्रेल को धूमधाम से भरेगा । मेले के दौरान सुबह 9 बजे से पुरुषोत्तमदास आश्रम से मुख्य बाजार होते हुए चौगान मंदिर तक ध्वजा व राम दरबार के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी । दोपहर 12 बजे से भण्डारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमे ठाामीण पंगत प्रसादी ठाहण करेंगे । कलाकार छोटे लाल शास्त्री द्वारा दोपहर से नेहडा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा । शाम को आरती के साथ आतिशबाजी की जायेंगी । रात्रि को स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजन-सत्संग का कार्यक्रम किया जायेंगा ।

भाजपा का स्थापना दिवस आज

लालसोट । उपखंड मुख्यालय पर आज गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस कमल संकल्प उत्सव के रुप में मनाया जाएगा। इस स्थापना दिवस को लेकर लालसोट के सभी पदाधिकारी गण मंडल कार्यकारिणी सदस्य सभी बूथ अध्यक्ष गण, सभी शक्ति केंद्र प्रमुख सभी शक्ति केंद्र संयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष पूर्व भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सभी मोर्चों के मंडल अध्यक्ष सभी मोर्चों के मंडल महिला मोर्चा कार्यकारिणी प्रकोष्ठ के संयोजक जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य एवम सभी भाजपा के आम कार्यकर्ता गण मोजुद रहेंगे ।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

हनुमान जन्मोत्सव पर्व की तैयारियों पर चर्चा

पावटा,(निसं)। उपखंड पावटा में महावीर जयंती और हनुमान जन्मोत्सव के पर्व के मद्देनजर प्रागपुरा थाने में सीएलजी सदस्यों और शांति समिति की बैठक प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में थाना स्तरीय सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी व थाना क्षेत्र के अन्य प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। शिविर में उपस्थित गणमान्यगण से विचार-विमर्श किया गया तथा महिला सुरक्षा, साईबर अपराध के बारे में आमजन को जागरूक करने हेतु जानकारी देकर प्रेरित किया गया एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु सहयोग करने की अपील की गई।

उपस्थित गणमान्य लोगों को महिलाओं व बच्चियों को उचित समान देते हुए उनके विरूद्ध घटित अपराधों के बारे में जागरूक किया गया। उपस्थित कस्बावासियों ने उक्त आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। बैठक में प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह ने उपस्थित लोगों को त्योहार के मौके पर निकाली जाने वाले जुलूस और शोभायात्रा को शान्तिपूर्ण तरीके से निकालने और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए निर्देशित किया।

थाना प्रभारी सवाई सिंह ने कहा कि अशांति करने वाले व धार्मिक सौहार्द को बिगाडने वालो को नही बशा जाएगा।



उपखंड पावटा में महावीर जयंती और हनुमान जन्मोत्सव के पर्व के मद्देनजर प्रागपुरा थाने में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई।

प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह ने विश्वास जताया कि अपराधियों में भय आमजन में विश्वास यही पुलिस का कार्य रहेगा। वहीं उन्होंने कहा की समाज में रहकर जो काम ग्रुप सदस्य कर सकते है वो पुलिस कर्मियों के लिए मुश्किल होता । सदस्यों को कहा कि पुलिस व जनता के बीच समन्वयक सदस्य एक सेतु का कार्य करते हैं। बैठक में सभी सीएलजी सदस्यों ने थानाधिकारी के समक्ष समस्याओं से अवगत कराते हुये कस्बे के मुय बाजारों, सर्विस रोड पर तिरछे वाहनों से जाम की स्थिति से निजात दिलाने, पुलिस की रात्रि गश्त बढाने आदि समस्याओं को मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर पावटा चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, प्रागपुरा पूर्व सरपंच कैलाश सैनी, राजीव डेहरवाल, मुबारिक हुसैन, सीताराम गेट, महमुद, प्रहलाद, पूर्व सदर यासीन कुरैसी, मुखराम धनकड, उप सरपंच रोहिताश मीणा, लोकेश कुमार यादवयादव सहित बडी संया मे महिलाए व सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

शोभायात्रा 22 को

श्रीमाधोपुर। आगामी 22 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन आयोजित किए जाने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत बुधवार को पोस्टर का विमोचन हुआ । भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के राजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम की निर्विघ्न सफलता हेतु प्रात: 8:00 बजे श्री गणेश मंदिर में प्रथम पूज्य भगवान् गणेश को निमंत्रित कर जन्मोत्सव कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया इसके बाद प्रात: 8:30 बजे नगर आराध्य श्री गोपीनाथ जी के मंदिर में पोस्टर का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में यह निश्चित किया गया कि शोभायात्रा में सम्मिलित होने हेतु क्षेत्र के गांवों और श्रीमाधोपुर शहर में ब्राह्मण समुदाय के लोगों से डोर टू डोर संपर्क किया जाएगा। इस अवसर पर हरिनारायण महंत ,सत्यनारायण खांडल,पं.नागरमल शर्मा, डॉ.मनोहरशरण शास्त्री, मक्खन लाल छित्तमका, उमेश चूलेट, लक्ष्मीकांत, गजेंद्र शर्मा ,पार्षद बाबूलाल शर्मा, जितेन्द्र शर्मा एलबीएस, सुरेश चोटिया, माणकचंद तिवाड़ी, नरेश भिण्डा, पंकज लाटा,रामोतार मोरीवाला, संजय लोकनाथका, रवि कालिया, यश तिवाड़ी इत्यादि मौजूद थे।

खैरथल में कलेक्टर कार्यालय को जगह मिली

खैरथल,(निसं)। नवगठित जिला खैरथल में जिला कलेक्टर कार्यालय के लिए जगह का चयन किया गया है। इस भवन का अधिकार कृषि विपणन बोर्ड के पास है, ऐसे में उनसे अनुमति प्राप्त करने के लिए पत्र लिखा गया है। स्वीकृति मिलने पर इसे जिला कलेक्टर के लिए घोषित किया जाएगा। कृषि उपज मंडी समिति द्वारा कुछ वर्ष पहले नवीन मंडी यार्ड के पूर्वी गेट के पास बनवाया गया एग्रो ट्रेड फट टावर अभी तक भी किसी तरह के उपयोग में नहीं लाया जा सका है।

राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया ने टीम के साथ बुधवार को इस भवन का निरीक्षण कर इसे जिला कलेक्टर कार्यालय के लिए उपयुक्त मानते हुए कहा कि नया भवन बनने तक यह शहर के मध्य और सुविधाजनक स्थान है।

विधायक दीपचंद खैरिया की अनुशंसा पर तहसीलदार के आग्रह पर कृषि उपज मंडी समिति के सचिव ने कृषि विपणन बोर्ड के निदेशक को अवगत कराते हुए अनुमति मांगी है। विधायक दीपचंद खैरिया के निजी सचिव सुनील कांत गोल्डी ने बताया कि संभवत: इसी माह में नये जिला कलेक्टर की खैरथल में नियुक्ति हो जाएगी ऐसे में उनके लिए उपयुक्त कार्यालय की जरुरत होगी। जिला कलेक्टर मुख्यालय का नवीन भवन बनने पर यह भवन कृषि विपणन बोर्ड को वापस किया जाएगा। इसी तरह से जिला स्तरीय अन्य अधिकारियों के मुख्यावासों के लिए भी उपयुक्त भवनों की तलाश की जा रही है। फिलहाल उपयोग में नहीं लाये जा रहे सरकारी भवनों की सूची बनाने के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया गया है।

इस अवसर पर विधायक के साथ खैरथल के नायब तहसीलदार रामकिशन वर्मा, कृषि उपज मंडी समिति के प्रतिनिधि नवनीत चौधरी, पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा, खैरथल विकास मंच के कार्यकारी अध्यक्ष श्याम लाल शर्मा, मोहम्मद कासिम मेवाती, व्यापारिक प्रतिनिधि महेश खंडेलवाल, सत्यनारायण, पार्षद पवन वासु सहित जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

हादसे में 2 की मौत

अलवर। अलवर में बुधवार सुबह हुए एक सडक हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई,जबकि 8 जने घायल हो गए। ये सभी सुबह अपने खेत लावणी करने के लिए टेंपो में निकले थे। लेकिन, एक ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो पलट गया और मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना शहर के टपूकडा थाना क्षेत्र के नाखनोल गांव के पास की है। टेंपो में करीब 14 लोग सवार थे। घायलों में से 2 को अलवर के जिला अस्पताल में रेफर किया गया है, जबकि अन्य लोगों को टपूकडा सीएचसी ले जाया गया है।

जिला अस्पताल में भर्ती गंभीर घायल महिला के परिजन समसुद्द ने बताया कि ये अधिकतर लोग एक-दो परिवार के हैं। बुधवार सुबह अपने घर से टेंपो में सवार होकर 14 लोग खेतों में लावणी करने के लिए निकले थे।गांव के पास ही स्पीड में आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इस दौरान टेंपो में बैठे अधिकांश लोग घायल हो गए। हादसे में मौके पर युवक बिस्मिल्लाह की मौत हो गई। वहीं अलवर अस्पताल आने पर महिला बिस्मिल्लाह की भी मौत हो गई। जैसे ही ट्रैक्टर ने टेंपो को टक्कर दी। चीख-पुकार मच गई।

शांतिनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक किया

फागी । श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन गुणसागर आराधना अतिशय क्षेत्र गुणस्थली पर उपाध्याय 108 उर्जयन्त सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में धर्मगुणामृत ट्रस्ट चकवाड़ा के तत्वाधान में आज शांतिनाथ महामंडल विधान का भव्य आयोजन हुआ।

उक्त आयोजन में जैन महासभा के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए बताया कि प्रात: श्री जी का अभिषेक, शांति धारा, अष्टद्रव्यों से पूजन के बाद दोपहर 1:00 शांति विधान पूजन की पूजा शुरू हुई तत्पश्चात 3:00 श्री जी के भव्य पंचामृत अभिषेक के बाद उपाध्याय उर्जयन्त सागर जी महाराज का मुख्य ट्रस्टी ताराचंद जैन स्वीट कैटरर्स जयपुर ने पादप्रक्षालन किया, गुरुदेव को सुखानंद काला दुर्गापुरा ने शास्त्र भेंट किया बाद में उपाध्याय श्री का मंगलमय उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम में 51इन्द्र इन्द्राणीयों पूजा अर्चना कर पुण्यार्जन प्राप्त किया तथा कार्यक्रम में महावीर अजमेरा-श्रीमती मुन्ना अजमेरा सौधर्म इंद्र बनकर पुण्यार्जन प्राप्त किया। कार्यकम में प्रसिद्ध गायक कलाकार नरेंद्र कुमार जैन एन्ड पार्टी जयपुर ने विभिन्न धुनों अर्घ्य समर्पित कराये, तथा श्रमण संस्थान सांगानेर के पंडित नवीन कुमार जैन ने विभिन्न मंत्रोच्चारणों के द्वारा विधान पर पूज्यार्थियो द्वारा 128 अर्घ्य समर्पित करवाये गये। कार्यक्रम में धर्मगुणामृत के ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी ताराचंद जैन स्वीट कैटरर्स, प्रसिद्ध वास्तविद् राजकुमार कोठारी, इंजीनियर महेंद्र अनोपडा, दुर्गापुरा मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रकाश चांदवाड, ट्रस्टी सुलोचना जैन,(सेठानी),गुणसागर महाराज के संघ पति विमल बडजात्या किशनगढ , महावीर बाकलीवाल चोरू, केलाश बाकलीवाल चोरू, महेंद्र कासलीवाल ,प्रवक्ता जयकुमार जैन, सुनील गंगवाल, नवीन गंगवाल, विनोद कलवाडा तथा, राजाबाबु गोधाएडवोकेट विनोद जैन, राजेंद्र काका सहित काफी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

सुरेंद्र आजाद सम्मानित

बौंली, बामनवास (निस)। क्षेत्र के झनूण गांव निवासी राज्य सचिव जन लेखक संघ सुरेंद्र आजाद को 2 अप्रैल को गांधी शांति प्रतिष्ठान नई दिल्ली में आयोजित भारतीय जन लेखक संघ के तत्वावधान में कवित्री डॉक्टर शांति यादव रचित खंडकाव्य पर समीक्षात्मक संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में साहित्य सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अनीता भारती दलित साहित्य संघ दिल्ली ने किया। मुख्य अतिथि राजेश पाल उत्तराखंड, व जयप्रकाश फाकिर दिल्ली थे।

अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि

श्रीमान रावल रधुवीर सिंह जी राजावत
ठिकाना धुला

का स्वर्गवास दिनांक 05अप्रैल 2023 को प्रात: 11:00 बजे हो गया है।
हरि प्रबल इच्छा।

दाह संस्कार
06 अप्रैल 2023 को 11:00 बजे भांडारेज, दौसा

तीये की बैठक
07 अप्रैल 2023 को सांय 05:00 बजे से 06:00 बजे तक
स्थान :- 50-51, बालाश्रेय, धुला हाउस, वैशाली नगर, जयपुर

गंगा प्रसादी एवं पाग दस्तूर
दिनांक 16 अप्रैल 2023 को भद्रावती पैलेस, भांडारेज

शोकाकुल
कुँ. गिरिशाय सिंह (पुत्र)
समस्त परिवार जन
मो. +91-8696567898, 9414065999

विधायक बलजीत यादव के साथ युवाओं ने दौड़ लगाई

■ **टोंक शहर में घंटाघर चौराहे से लेकर बडा कुआं तक बहरोड विधायक के साथ युवाओं ने काले कपड़े पहन कर दौड़ लगाई**

टोंक, (नि.स.)। राजस्थान की समस्त 200 विधानसभाओं में 14 सूत्री मांगों को लेकर काले कपडे पहनकर निकाली जा रही दौड के तहत टोंक शहर में शाम घंटाघर चौराहे से लेकर बडा कुआं तक तक बहरोड से निर्दलीय विधायक बलजीत यादव के साथ युवाओं ने काले कपडे पहन कर दौड लगाई गई।

इस मौके पर विधायक बलजीत यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा जनता की आवाज दो फ्लेट फार्म पर उठाई जाती है, जिसमें एक विधानसभा है, यदि विधानसभा में मांगों पर सुनवाई नही होती है तो जनता के फ्लेट फार्म पर आना पडता है। मैंने विधानसभा में 14 सूत्रीय मांगों पर आवाज उठाई और वहां कोई सुनवाई नही हुई तो मुझे जनता के बीच सडक पर आवाज आकर उठाना पडा, ताकि किसान, गरीब, बेरोजगारो को उनका हक व अधिकार मिल सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की नौकरियों में राज्य के युवाओं को 90 से 100 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। गैर सरकारी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाए। 500000 पदों पर शीघ्र भर्ती निकालकर 6 महीनों में नियुक्तियां दी जाए।

परीक्षा प्रणाली को ठीक किया जाए तथा जिस लेवल की परीक्षा हो उसी लेवल का प्रश्नपत्र बनाया जाए। बडे प्राइवेट स्कूलों तथा कोचिंग संस्थानों द्वारा की जा रही लूट से जनता को बचाया जाए तथा सरकार मुफ्त कोचिंग सेंटर चलाएं और सरकारी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कर सरकारी स्कूलों में सुविधाएं विकसित की जाए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के वादे के अनुसार समुद्र का पानी नहर से राजस्थान में आये तथा यमुना व चंबल का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचे। सीएचए की मांगों को शीघ्र पूरा किया जाएं। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण पर लगी रोक हटा कर स्थानांतरण किए जाएं। संविदाकर्मी सीएचएम, एएनएम, भर्ती 2013 ,विद्यार्थी मित्र, कंप्यूटर अनुदेशक ओबीसी आरक्षण की मांगों को शीघ्र पूरा किया जाए एवं इंटर डिस्कॉम ट्रांसफर सुविधा चालू करें तथा राजस्थान के अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करें।

भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कदम उठाया जाए। किसानों की संपूर्ण फसल को सरकार उचित मूल्य पर खरीदे और किसानों के गरीब लोगों को मुफ्त व पूरी बिजली उपलब्ध कराई जाए। किसानों की फसल को नष्ट कर रहे आवारा पशुओं पर सरकार द्वारा नियंत्रण किया जाए एवं नरेगा मजदूरों की मजदूरी बढाकर समय पर भुगतान किया जाए और सेना में पूर्व की भांति केंद्र सरकार द्वारा स्थाई रूप से भर्ती की जाए। इस दौरान सत्यनारायण यादव, भरत गुर्जर, मुकेश यादव, कमलेश यादव, बाबू लाल यादव, विक्रम मीणा, देशराज गुर्जर, आसाराम गुर्जर, बंटी शर्मा, सतीश सैनी, भागचंद सैनी,प्रदीप चौधरी,समेत काफी संख्या में युवा एवं महिलाएं व छात्राएं मौजूद रहे।

ट्रैक्टर चोरी करने का आरोपी पकड़ा

फुलेरा । जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार द्वारा जिले मे नकबजनी, चोरी की वारदातों की रोकथाम, बदमाशों की धरपकड व अवैध कारोबारियो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा व वृताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के निर्देशन में फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम गठित की गई। थानाधिकारी हनुमान सहाय ने बताया कि 22 मार्च 2023 को परिवादी हनुमान पुत्र दुलाराम जाति जाट निवासी डाकी की ढाणी पोस्ट आकोदा थाना खुनखुना जिला नागौर ने स्थानीय थाने में मामला दर्ज करवाया।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मकान नम्बर 1682, भैरूजी की गली, जयलाल मुन्शी का रास्ता, चौकडी पुरानी बस्ती, जयपुर, जिसका सिटी सर्वे रिकार्ड सम्वत् 2002 में खसरा नम्बर 4206, 4206(क) खसरा नम्बर 4207 है। श्रीमती बुन्दो पत्नि स्व. अब्दुल जब्बार, पुत्रवधु स्व. गफर उर्फ अब्दुल गफूर पुत्र स्व. सुलतान, उक्त मकान बक्शीश कर रही है। किसी को आपत्ति हो, तो सात दिन में बताये अन्यथा आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जयपुर (फैजान हुसैन) एडवोकेट
दिनांक- 05.04.2023 मो. 8824515124

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 76/2023
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री रूपेन्द्र पेडीवाल पुत्र श्री वी.पी. पेडीवाल निवासी 33, संजय मार्ग, हथरोई जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत स्टेप बाई स्टेप शिक्षा समिति जयपुर 33, संजय मार्ग, हथरोई जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 05.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 13.06.2023
मोहर अदालत
रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 75/2023
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री रूपेन्द्र पेडीवाल पुत्र श्री वी.पी. पेडीवाल निवासी 33, संजय मार्ग, हथरोई जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत जयश्री पेडीवाल फाउण्डेशन जयपुर 33, संजय मार्ग, हथरोई जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 05.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 13.06.2023
मोहर अदालत
रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

खोया पाया

मेरे आवास 64/04, हीरा पथ, मानसरोवर का मूल आवंटन पत्र जो कि आरएचबी द्वारा आवंटित है मानसरोवर में कहीं खो गया है कृपया मिलने पर सूचित करें। 7877960369

मेरे दिनेश चन्द शर्मा पुत्र गोविन्द नारायण शर्मा का म.नं. 27 शिवशक्ति नगर आगरा रोड चावण्डिया का आवंटन पत्र, रसीद, साइड प्लान दिनांक 29.03.2023 को घर से त्रिपोलिया बाजार के बीच कहीं गिर गये है मिलने पर सूचित करें दिनेश चन्द शर्मा-9314179356

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर -0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-**5/MB/114** इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर, क्षेत्रफल 97.840 वर्ग मीटर का आवंटन श्री मुकेश चक्रवर्ती पुत्र श्री रोशन लाल चक्रवर्ती को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5852 दिनांक 14/10/2013 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 9791 दिनांक दिनांक 22/01/2014 जारी किया गया। तत्पश्चात श्री मुकेश चक्रवर्ती पुत्र श्री रोशन लाल चक्रवर्ती द्वारा कार्यालय उप पंजीयक, प्रथम में दिनांक 17/01/2014 को श्री विकास सचदेवा पुत्र श्री प्रेम कुमार सचदेवा को मुख्यारनामा आम नियुक्त किया गया। मुख्यारनामा धारक के द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 31/01/2014 को करवाया गया। तत्पश्चात मुख्यारनामा धारक श्री विकास सचदेवा पुत्र श्री प्रेम कुमार सचदेवा के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री रामवीर मीना पुत्र श्री श्रवण लाल मीना को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर चतुर्थ में दिनांक 14/09/2021 को करवाया गया। श्री रामवीर मीना पुत्र श्री श्रवण लाल मीना के द्वारा मण्डल अभिलेख में अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया गया है। अत: नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के **07 दिवस** में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त **आवेदनकर्ता श्री रामवीर मीना पुत्र श्री श्रवण लाल मीना** का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल, वृत तृतीय,जयपुर।

नाम परिवर्तन

मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम पिंकी देवी (Pinki Devi) गलत है। मेरे पत्नी का सही नाम पिंकी (Pinki) हैं। आर्मी नं. 18002789Y हवलदार नरेन्द्र सिंह, निवासी-170, मैथना, जगतपुर, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश, पिन-245409

I, Saroj spouse of No. JC-769060M SUB. Maj. Hoshiyar Singh R/o Dhani, Khakhla, Nangali Sledi Singh, Dist- Jhunjhunu Raj. 333026. In my husband service record my Name wrongly recorded Saroj. Correct is Saroj Devi Vide Affidavit dated 03 March, 2023, Jaipur.

Spelling of my name has been printed as Tulika Sikha by mistake on the 10th marksheet. Correct spelling is Tulika Shikha. Henceforth I shall be known as Tulika Shikha, 61/423, Heera Path, Mansarovar, Jaipur-302020.

I, Swapna Rani spouse of No-7781197M, Rank - Hav Name - Rama Sankar Panigrahy resident of village & PO - K Nuagam, PS - K Nuagam, Tehsil-Chikiti, District-Ganjam (Odisha), Pin - 761010 have changed my name from Swapna Rani to Swapna Rani Rath vide affidavit dated 03/04/2023 before District Court Jaipur Rajasthan.

कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (राज.)
No.:F-2(01)Acct/Contract/2022/390-392 Date: 28-03-2023
ई-निविदा सूचना संख्या: 95/2022-23
नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा कार्यो की कुल लागत	:	रूपये 236.07 लाख (09 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	:	31-03-2023 को प्रात: 10.00 बजे से 19-04-2023 को सांय 6.00 बजे तक
Online EMD Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	:	31-03-2023 को प्रात: 10.00 बजे से 19-04-2023 को सांय 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	:	20-04-2023 को प्रात: 11.00 बजे

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN: ITU2324WSOB00006, ITU2324WSOB00007, ITU2324WSOB00008, ITU2324WSOB00009, ITU2324WSOB00010, ITU2324WSOB00011, ITU2324WSOB00012, ITU2324WSOB00013, ITU2324WSOB00014
अधिशाषी अभियन्ता- चतुर्थ, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

Regional Office (Jaipur-North)
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
RAJASTHAN STATE POLUTION COSTROL BOARD
Opp. ROAD NO. 5, VKIA, SIKAR ROAD, JAIPUR
Phone: 0141-2850100 e-mail: rorpcb.jaipur@gmail.com
website: http://www.cnvirobnment.rajasthan.gov.in
पर्यावरण स्वीकृती हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत मै. नेशनल लाईम स्टोन कम्पनी प्रा.लि. के प्रस्तावित विस्तार M.L. No. 259/94 (R) (Old 271/81) M.L. Area-96.25ba. Block I-34.32 ha, Block II-35.93 ha & Block III-26.00 ha, Production capacity - 66,76, 900TPA(ROM) Mineral Limestone - 16.12.050 TPA and Mineral Masonary Stone - 37.78.325 TPA and Mineral Dulomite - 9.72.400 TPD and Mineral Marble - 3.14.125 TPA along with proposed crusher plant (3 numbers of 9000 TPA and 2 numbers of 3000 TPD) and proposed M-sand plant 3000 TPD ineluding crushing of mineral and its further processing in mineral beneficiation plant Located Near Village-Ajitpura, Kujuta and Bhainslana, Tehsil- Kotputli and Paota, District-Jaipur (Rajasthan) by M/s National Lime Stone Company Private Limited, Village-Ajitpura, Kujota and Bhainslana, Tehsil-Kotputli and Paota, District-Jaipur (Proposal no. 405869).
के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किये गये है।
चूंकि मण्डल को उपरोक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एव जलवायु परिवर्तन मत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। अतः समस्त संबंधित को इस नोटिस के माध्यम से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वे उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित प्रकरण के निपटारे के लिए लोक सुनवाई हेतु दिनांक 15 मई 2023 को प्रातः 11.00 बजे प्रोजेक्ट का प्रस्तावित स्थल जिसका Village-Ajitpura, Kujora and Bhainslana, Tehsil-Kotputli and Paota, District-Jaipur (Raj.) में उपस्थित होकर आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है।
इस सम्बन्ध में लिखत सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 30 दिवस की अवधि में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर (उत्तर) रोड नं. 05 के सामने, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, सीकर रोड, जयपुर (ईमेल-rorpcb.jaipur@gmail.com) के साथ-साथ मुख्यालय, 04-संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर में भी प्रस्तुत किये जा सकते हैं।
उक्त परियोजना से संबंधित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यपालक सार) निम्नांकित कार्यालयों में उपलब्ध है- (1) जिला कलेक्टर, जयपुर (2) क्षेत्रीय कार्यालय, राजथान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर (उत्तर) (3) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04-संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर (4) पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर (5) जिला उद्योग केन्द्र जयपुर (6) अतिरिक्त जिला कलेक्टर, कोटपूतली, जयपुर (7) क्षेत्रीय कार्यालय, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार, अरावली भवन, झालाना डूंगरी, जयपुर। (8) पंचायत समिति, तहसील-कोटपूतली एवं पावटा, जिला-जयपुर। (9) नगर पालिका, कोटपूतली एवं पावटा, जयपुर। प्रस्तावित लोक सुनवाई वैश्विक महामारी कोविड-19 से संबंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी पुर्वविधान/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी
(विजय शर्मा) क्षेत्रीय अधिकारी

कार्यालय जिला परिषद् (पंचायत प्रकोष्ठ) दौसा
क्रमांक- जि.प.दौ./पंचायत/लेखा/2023/35-40 दिनांक-04.04.2023
निविदा संख्या-2
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आरजीएसए निजि आय, अन्य व्ययों, एसएफसी/एफएफसी के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु कार्यालय में निम्न कार्यो/सेवाओं/हेतु अनुभवी/पंजीकृत फर्मो/व्यवसासियो/वाहन धारकों से वार्षिक दर संविदा हेतु सीलबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	नाम आईटम	अनुमानित लागत (लाखों में)	अमानता राशि (लाखों में)	निविदा विक्रय करने की अवधि	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि व समय	निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि व समय
1	भोजन, पानी, चाय, नाश्ता, व्यवस्था	5.00	0.10	5.4.23 को प्रातः 10 बजे से 12.4.23 को सायं 6 बजे तक	13.4.23 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक	13.4.23 को दोपहर 2 बजे से लगातार निविदा खोलने तक

UBN-ZDA2324SSOB00004
नियम व शर्ते-
1 क्रमांक 01 से 02 तक के आईटम हेतु निविदा फार्म कैशियर कार्यालय हाजा से निर्धारित निविदा शुल्क 500/- रुपये एवं अमानता राशि का डी.डी. मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दौसा के नाम से देय होगा। असफल निविदादाताओं की अमानता राशि शीघ्र ही लौटा दी जावेगी।
2 निविदा फार्म आज दिनांक से प्राप्ति की निर्धारित दिनांक को सायं 5.00 बजे तक क्रय किये जा सकते है।
3 डाक या कोरियर द्वारा सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। भेजन/अल्पहार व्यवस्था में प्रति व्यक्ति प्रति नग/दिवस के आधार पर प्रस्तुत करें।
4 किसी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा।
5 शेष शर्ते राजथान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अनुसार होगी एवं कार्यालय समय में देखी/पढी जा सकती है।
(आर.के.मीना)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिला परिषद दौसा

कार्यालय जिला परिषद् (पंचायत प्रकोष्ठ) दौसा
क्रमांक- जि.प.दौ./पंचायत/लेखा/2023/29-34 दिनांक-04.04.2023
निविदा संख्या-1
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आरजीएसए निजि आय, अन्य व्ययों, एसएफसी/एफएफसी के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु कार्यालय में निम्न कार्यो/सेवाओं/हेतु अनुभवी/पंजीकृत फर्मो/व्यवसासियो/वाहन धारकों से वार्षिक दर संविदा हेतु सीलबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	नाम आईटम	अनुमानित लागत (लाखों में)	अमानता राशि (लाखों में)	निविदा विक्रय करने की अवधि	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि व समय	निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि व समय
1	आवास सुविधा (किराये हेतु)	5.00	0.10	5.4.23 को प्रातः 10 बजे से 12.4.23 को सायं 6 बजे तक	13.4.23 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक	13.4.23 को दोपहर 2 बजे से लगातार निविदा खोलने तक

UBN-ZDA2324SSOB00005
नियम व शर्ते-
1 क्रमांक 01 से 02 तक के आईटम हेतु निविदा फार्म कैशियर कार्यालय हाजा से निर्धारित निविदा शुल्क 500/- रुपये नकद/ डी.डी. जमा किये जा सकते है। अमानता राशि का डी.डी. मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दौसा के नाम से देय होगा। असफल निविदादाताओं की अमानता राशि शीघ्र ही लौटा दी जावेगी।
2 निविदा फार्म आज दिनांक से प्राप्ति की निर्धारित दिनांक को सायं 5.00 बजे तक क्रय किये जा सकते है।
3 डाक या कोरियर द्वारा सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। आवास व्यवस्था में प्रति कमरा/हॉल प्रति दिवस के आधार पर प्रस्तुत करें।
4 किसी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा।
5 शेष शर्ते राजथान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अनुसार होगी एवं कार्यालय समय में देखी/पढी जा सकती है।
(आर.के.मीना)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिला परिषद दौसा